हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26 .8 डिग्री
न्यूनतम 11 .6 डिग्री

11 जिला बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन...


12 अंबाला् में निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा


## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिक संस्थान में कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर मीडिया और मातृभाषाः अभिव्यक्ति, पहचान और अधिकार विषय पर कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष सेवा सिंह बतौर मुख्य वक्ता ऑनलाइन अपना उद्बोधन देंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में हरियाणवी, पंजाबी एवं डोगरी भाषा में छात्र प्रस्तुतियां देंगे।

### 25 फरवरी को करेंगे राज्य स्तरीय प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 25 फरवरी को चंडीगढ़/पंचकूला में राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेगा और मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। यह प्रदर्शन उस दिन 25 फरवरी को सारे देश के राज्य की राजधानियों में किए जाएंगे। यह जानकारी आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हो या राज्य सरकारें वो किसान-मजदूर विरोधी नीतियों को लागू करने पर उतारू हैं जिसका हमारे संगठन समेत सभी किसान संगठन इसका विरोध कर रहे हैं।

### पानीपत में महिला के साथ लाखों की ठगी

**पानीपत।** पानीपत के गांव वैसर निवासी महिला कुसुम से साइबर ठगों ने 10.65 लाख रुपये ठग लिए। वहीं, साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में कुसुम ने बताया कि 27 व 30 जनवरी को उसकी एक नंबर पर एक व्यक्ति से बात हुई। उसने उसे एक कंपनी की फ्रैंचाइजी देने की बात कही। उसकी बातों में आकर कुसुम राजी हो गई। ठगों को भुगतान कर दिया। इधर, कुसुम की शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, हल्की बरसात से ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम का मिजाज

पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिले में वीरवार को हुई हल्की बरसात के बाद मौसम में ठंडक बढ़ गई है। अचानक से मौसम गर्म होने के बाद हुई बरसात गेहूं की फसल के लिए लाभदायक मानी जा रही है। किसानों का कहना है कि इस बरसात से गेहूं की पछेती फसल को फायदा मिलेगा। बुधवार रात को ही आकाश में काले बादल छा गए थे। मौसम विभाग द्वारा भी पश्चिमी विक्षोभ के चलते वीरवार को जिले में बरसात की संभावना जताई जा रही थी।

## गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित होगी हल्की बरसात


यमुनानगर। गांव तपड़ापुर में बरसात के बाद लहलहाती गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

### बुधवार शाम को ही आकाश में काले बादल छा गए थे

इसी संभावना के चलते किसानों ने अपनी गेहूं की फसल में पानी देना बंद कर दिया था। बुधवार शाम को ही आकाश में काले बादल छा गए थे। रात को ही जिले में अधिकतर क्षेत्रों में हल्की बरसात के साथ तेज हवा चली। हल्की बरसात का यह सिलसिला वीरवार को सुबह तक जारी रहा हालांकि रादौर क्षेत्र में अच्छी बरसात हुई है। सुबह नौ बजे के बाद बरसात बंद हो गई मगर आकाश में बादल छाए रहे।

### कभी धूप तो कभी बादल छाए रहने से बदला रहा मिजाज

कभी धूप तो कभी बादल छाए रहने से मौसम का मिजाज भी बदला बदला नजर आया। बरसात के बाद जिले के तापमान में भी कमी देखी गई। जिससे लोग फिर से गर्म कपड़े पहने हुए नजर आए। गांव तपड़ापुर के किसान सतपाल सैनी, प्रिंस सैनी, धर्मवीर, राकेश व मनोज ने बताया कि फरवरी माह में अचानक से मौसम गर्म हो गया था।

जिससे गेहूं की फसल पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ने लगा था मगर इस समय हुई बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया है जो कि गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। उन्होंने बताया कि अगर जल्द ही एक दो हल्की बूंदाबांदी हो जाती है तो गेहूं की पछेती फसल को इसका फायदा मिलेगा।

## यमुनानगर: नगर निगम ने संपत्ति धारकों की चस्पाई सूची

# मालिकाना हक को चार गांवों के 64 संपत्ति धारकों ने जमा कराए दस्तावेज

लाल डोरा व आबादी देह में स्थित संपत्तियों पर दस साल से काबिज संपत्ति धारकों के लिए मालिकाना हक देने को निगम ले रहा दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

### सात दिन के भीतर दर्ज करा सकते हैं आपत्ति


यमुनानगर। ग्रामीणों की मौजूदगी में संपत्ति धारकों की सूची चस्पाते निगम अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से काबिज संपत्ति धारकों ने संपत्ति प्रमाण पत्र देने को दस्तावेज लेने के लिए उधमगढ़, तेलीपुरा, जडौदा व गढ़ी मुंडो में शिविर लगाए गए। प्रमाण पत्र लेने को चारों स्थानों पर 64 संपत्ति धारकों ने दस्तावेज जमा कराए। इन संपत्तिधारकों को सूची निगम द्वारा उनके गांव में चस्पा दी है।

यदि किसी को कोई आपत्ति है तो सात दिन के भीतर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। इसके बाद इन संपत्ति धारकों को मालिकाना हक देने को उनके संपत्ति प्रमाण पत्र तैयार किए जाएंगें। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से रह रहे संपत्ति धारकों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए संपत्ति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। निगम द्वारा जगाधरी जोन के वार्ड नंबर तीन के गांव उधमगढ़ व तेलीपुरा, वार्ड एक के जडौदा गांव व वार्ड सात के गढ़ी मुंडो में शिविर लगाए गए। कमेटी सचिव एवं निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, पटवारी एवं कमेटी सदस्य कुलदीप कुमार व अन्य की टीम ने संपत्ति धारकों के दस्तावेज लिए। ताकि उन्हें उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिया जा सके।

इस दौरान उधमगढ़ में 12 व तेलीपुरा में 12, जडौदा में 13 और गढ़ी मुंडो में 27 संपत्ति धारकों ने संपत्ति प्रमाण पत्र लेने को दस्तावेज जमा कराए। निगम अधिकारियों ने संपत्ति धारकों को दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। इन संपत्ति धारकों की सूची उनके गांव में चस्पाई गई। साथ ही ग्रामीणों को बताया गया कि लाल डोरा व आबादी देह की जगह में बसे जिन लोगों ने दस्तावेज जमा कराए है। इनकी लिस्ट यहां चस्पाई गई है। यदि किसी को कोई ऐतराज है तो वह निगम में सात दिन के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है। सात दिन तक कोई आपत्ति दर्ज न होने पर इन संपत्ति धारकों के प्रमाण पत्र बनाकर उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा।

### मालिकाना हक को ये दस्तावेज जरूरी

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि आबादी देह व लाल डोरा में स्थित संपत्तियों का प्रमाण पत्र लेने के लिए संपत्ति धारक को राजस्व विभाग द्वारा सत्यापित आबादी व लाल डोरा का शपथ पत्र, पिछले दस साल का बिजली बिल या पानी का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी सर्टीफिकेट, वोटर कार्ड, कब्जा प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स की रसीद, निर्माणाधीन नक्शा प्रमाण पत्र में से कोई दो दस्तावेज, सेलडीड, कन्वेयन्स डीड, रिलीज डीड, जमाबंदी, फर्द, राजस्व विभाग द्वारा सत्यापित डिक्री, रजिस्ट्री और राजस्व विभाग द्वारा जारी वारसान रिपोर्ट दस्तावेज जरूरी है। संपत्ति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संपत्ति धारक ये जरूरी दस्तावेज साथ लाए।

### दस्तावेज की सही तरीके से जांच करें

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कमेटी सचिव व अन्य कर्मियों को निर्देश दिए कि संपत्ति धारकों के दस्तावेज की सही तरीके से जांच करें। जांच के दुरुस्त दस्तावेज वाले संपत्ति धारकों का प्रमाण पत्र तैयार करें।

## कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन अदालत का फैसला

# कुकर्म के आरोपियों को सुनाई 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ दोषियों को 45/45 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग के साथ कुकर्म करने के आरोपी गुरप्रीत गिरी व गुरप्रीत वासीयान थाना ईस्माइलाबाद को 20/20 साल कठोर कारावास व 45/45 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 1 जून 2021 को थाना ईस्माइलाबाद एरिया वासी एक नाबालिग युवक ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 1 जून 2021 शाम को वह अपने खेत में गया था।

उसी समय गांव के गुरप्रीत व गुरमीत उसके खेत में आए और उसके साथ गलत कम करने लगे। उसी समय उसका ताऊ खेत में आ गए जिसको देखकर आरोपी मौका से भाग गए जिसकी शिकायत पर थाना ईस्माइलाबाद में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक नरेश कुमार द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान नाबालिग का मेडिकल चेकअप करवाया गया। तफ्तीश के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान अदालत में दिया गया था।

### केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट में हुई

मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी गुरप्रीत गिरी व गुरप्रीत वासीयान को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 6/18 के तहत 20/20 साल कठोर कारावास व 30/30 हजार रुपये जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 12 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई। आईपीसी की धारा 377/511 के तहत 5/5 साल कठोर कारावास व 15/15 हजार रुपये जुर्माना तथा जुर्माना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### पूर्व सरपंच ने किया 41.38 लाख का गबन

■ ऑडिट टीम ने पकड़ा

**समालखा।** पानीपत गांव मनाना की पूर्व महिला सरपंच सुनीता देवी के कार्यकाल के दौरान हुए गबन का खुलासा हुआ है। यह गबन, उनके द्वारा करवाए गए विकास कार्यों के रिकॉर्ड की ऑडिट करने पहुंची टीम ने पकड़ा है। सरपंच का कार्यकाल पांच साल का रहा। साल 2016 से 2021 तक सुनीता सरपंच रही और वर्तमान में चुनाव लड़ी और हार गई थी। टीम रूटीन में विकास कार्यों के कागजी दावों को धरातल पर चेक करने पहुंची थी। जिस दौरान लाखों के इस गबन का खुलासा हुआ है। महिला सरपंच ने विकास कार्यों की आड़ में 41.38 लाख का घपला किया है। गबन का पता लगने पर गांव के रहने वाले संदीप राठी ने प्रशासन को शिकायत दी है। उन्होंने ब्याज समेत रिकवरी की मांग की है।

### युवक को 8.29 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा

■ न्यायिक हिरासत में भेजा

**यमुनानगर ।** शहर यमुनानगर पुलिस ने पश्चिमी यमुना नहर पटरी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.29 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया।

जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाने में तैनात एसआई जसवंत सिंह ने बताया कि वह रात साढ़े आठ बजे टीम के साथ गढ़ी रोड पावर हाउस के पास गश्त कर रहा था। उसे सूचना मिली थी कि आनंद कॉलोनी पुरानी हमीदा निवासी जुनैद नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। वह इस समय पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास खड़ा और नशीला पदार्थ बेच रहा है।

# एसडीएम रादौर ने खंगाला रिकार्ड

**रादौर।** एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने वीरवार को रादौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय प्राथमिक विद्यालय व आंगनवाड़ी सेंटर जाट नगर का दौरा किया। एसडीएम ने स्कूल की प्राथमिक कक्षाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बाल वाटिका के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की और सभी विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मिड-डे मील को भी चेक किया। उन्होंने भविष्य में विद्यालय के बेहतर संचालन के लिए अनेक सुझाव दिए।


यमुनानगर। सरकारी अस्पताल रादौर में रिकॉर्ड की जांच करते एसडीएम नरेंद्र कुमार।

### अध्यापकों को निर्देश दिए

एसडीएम ने लाइब्रेरी रजिस्टर, मिड-डे मील रजिस्टर, हाजिरी रजिस्टर व अन्य सभी रजिस्टर चेक किए। उन्होंने मिड-डे मील के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता की भी जांच की तथा मिड-डे.मील खुद खाकर चैक किया। स्कूल से सम्बन्धित सभी रिकार्ड व दस्तावेज संतोषजनक पाए गए। एसडीएम ने अध्यापकों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की जानकारी भी दें और स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान दें। यदि वे स्कूल में अच्छी शिक्षा और सुविधाएं मुहैया कराएंगे तो स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ेगी।

# फैमली आईडी में गुमराह करने वालों पर केस होगा

**पानीपत।** जिला सचिवालय के सभागार में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जो प्रार्थी समाधान शिविर में फैमली आईडी में अपनी इनकम कम करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे है उनकी पहले विभाग जांच करेगा व गलत मिलने पर उनके खिलाफ प्रशासन को गुमराह करने की अवेज में एफआईआर दर्ज करवाएगा।


पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण।

### अवहेलना पर कटेगी एक दिन की सैलरी

डॉ दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे न्यायालय में गवाही से संबंधित मामलों को लेकर जिला सचिवालय में एनआईसी द्वारा कमरा नंर 424 में जो सैटअप लगाया गया है वहां वे वीडियो कांफ्रेंसिंग से न्यायालय से संबंधित मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते है। कोई अधिकारी व कर्मचारी अब इन आदेशों की अवहेलना करेगा तो उसकी एक दिन की सैलरी काटेगी। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि शिविर में जो लोग समस्याओं को लेकर पहुंच रहे है उन्हें अपनी समस्या के निदान को लेकर किसी सहारे की जरूरत नहीं है। अधिकारी व प्रार्थी भी भली भांति समझते है।

## हरियाणा पुलिस और स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का जन आन्दोलन

# ग्रेट खली ने कुरुक्षेत्र पुलिस के साथ मिलकर नशा-मुक्त हरियाणा अभियान में लिया भाग

■ नशे से दूर रहकर खेलों में करें देश का नाम रोशन : गेट खली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा पुलिस और स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का नशा-मुक्त हरियाणा अभियान एक जन आन्दोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान हर रोज नए-नए प्रतिष्टित व्यक्ति जुड़ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गनिर्देश में कुरुक्षेत्र पुलिस भी इस अभियान के तहत आमजन को नशा ना करने के प्रति जागरूक कर रही है।

वीरवार को कुरुक्षेत्र पुलिस के साथ देश का नाम रोशन करने वाले दिलीप कुमार उर्फ ग्रेट खली ने इस अभियान में हिस्सा लिया। जानकारी




देते हुए जिला पुलिस के नोडल ऑफिसर डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई को खत्म करने के लिया हम सबको मिलकर काम करना होगा।

### नशा न करने का संकल्प

डीएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ जन आन्दोलन में हम सबकी भागीदारी ही प्रदेश और देश को नशा-मुक्त बनाने में सहयोग करेगी। हरियाणा पुलिस और स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो ने सकारात्मक सोच के साथ इस अभियान को शुरू किया है। निश्चित ही हम नशे को खत्म करने में कामयाब होंगे। युवा पीढ़ी को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए हम सब एक टीम की तरह काम कर रहें हैं। बकेट चैलेंज नशे की बेड़ियों को तोड़ने का अभियान है। किचडयुक्त पानी से भारी बाल्टी को फैंकना नशे से दूर रहने का प्रतीकात्मक कदम है। बकेट चैलेंज के माध्यम से संकल्प लिया जाता है कि जीवन में कभी नशा ना करेंगे और ऐसा करने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

# दुबई में चल रहे गल्फ फूडस मेले में भारत के चावल की भारी मांगः पुष्कर गोयल

■ गल्फ फूड मेले मे वीरवार को भी तरावड़ी के स्टालों पर विदेशी व्यापारियों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

दुबई में चल रहे गल्फ फूडस मेले में तरावड़ी शहर के चावल एक्सपोर्टरों के लगे स्टालों पर विभिन्न देशों से आए व्यापारी चावलों की किस्मों की जानकारी लेते नजर आए। तरावड़ी के के.एस. एग्रो प्रा. लि. के एमडी पुष्कर गोयल ने कहा कि दुबई में चल रहे गल्फ फूडस मेले में भारत के चावल की भारी मांग है। उन्होंने बताया कि वह भी दुबई में भारत से अपना स्टॉल लगाने के लिए यहां पहुंचे है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी फूड्स उत्पादन लोग पसंद करते हैं। क्योंकि इनकी गुणवत्ता बेमिसाल है। उन्होंने कहा कि


तरावड़ी। डबल चाबी बासमती चावल के एम डी पुष्कर गोयल व यश सलूजा विदेशी व्यापारियों से चर्चा करते हुए। फोटो: हरिभूमि

तरावड़ी शहर के कई चावल व्यापारियों ने वहां पर अपने-अपने चावलों के मार्के के स्टाल लगा रखे है तथा शहर के चावल व्यापारियों के लगे स्टालों पर विदेशी व्यापारियों का जमघट लगा हुआ हैं। जिसमें डबल चाबी बासमती चावल, गैलेक्सी बासमती चावल, बीडी ओवरसीज, 521 फूड्स प्रोडक्ट, भारत सीरियल, भारत इंडस्ट्रीज, शिव शक्ति इंटर ग्लोब, जीवी राइस मिल, जानकी दास राइस मिल, श्रीराम ग्रुप, कुबेर फूडस के अलावा जिला के कई चावल व्यापारियों ने दुबई में अपने-अपने चावलों के मार्के के स्टाल लगा रखे है।

### अच्छे बिजनेस की उम्मीद

पुष्कर गोयल ने कहा कि गल्फ में मेले के दौरान स्टॉल लगाने के लिए काफी खर्च करना पड़ता है लेकिन इससे निर्यात को बढ़ावा मिलता है। भारतीय चावल की मांग पूरे विश्व में है। क्योंकि भारत द्वारा जो चावल तैयार किए जाते हैं उनमें गुणवत्ता होती है और वह खाने में भी बेमिसाल होते हैं।

खास तौर पर पूरे देश में करनाल के तरावड़ी शहर में सबसे ज्यादा चावल का उत्पादन होता है। इनमें से अधिकांश चावल अरब क्षेत्र के देश के साथ-साथ यूरोप और अन्य देशों में भी इसका निर्यात होता है। पुष्कर गोयल ने बताया कि मेले के दौरान चावल व्यापारियों को अच्छा बिजनेस मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम ने थर्मल रोड पांसरा के पास से एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात सिपाही सुनील कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि थर्मल रोड पांसरा के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी पिस्तौल बरामद हुई।

### जहरीला पदार्थ खाने से खनन कारोबारी की मौत

**यमुनानगर।** शहर के हुडा सेक्टर-18 में रहने वाली खनन कारोबारी संदीप डब्बास की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वीरवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला भिवानी निवासी संदीप डब्बास जगाधरी के सेक्टर-18 में परिवार के साथ रहता था। वह यमुनानगर में खनन कारोबार से जुड़ा था। बताया जा रहा है कि बुधवार रात संदीप ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार के सदस्यों ने जब उसे गंभीर हालत में देखा तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

### वित्तीय कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन

**जींद।** राजकीय कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय वित्तीय कौशल विकास प्रशिक्षण का वीरवार को समापन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। इसमें पाठ्यक्रम निदेशक डा. ललित कुमार एवं रिसोर्स पर्सन सुनील कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए।

### ढाकल में सदस्यता अभियान चलाया

**नरवाना।** आखिलभारतीय किसान सभा हरियाणा तहसील नरवाना के साथी गांव ढाकल में सदस्यता अभियान चलाए हुए हैं। सदस्यता करते हुए मास्टर चांद एदलबीर सिंहएराजेश कुंडू ए बलदेव सिंहए रामधारी आदि जब हम ज्ञाना राम के घर पहुंचे एतो हमन घर के लोगों से अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा की सदस्यता ग्रहण काने की अपील की।

### अभियान को और तेज करने का आह्वान किया

**नरवाना।** नरवाना को जिला बनाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता मिशन व शहर के विकास कार्यों को लेकर अपने रोड मैप को अमलीजामा पहनाने के लिए नरवाना शहर विकास समिति के अभियान को और अधिक तेज किया जाएगा और इसी के तहत अब हर सप्ताह जिला बनाओं सम्मेलन गांव व शहर के प्रत्येक वार्ड में आयोजित किए जाएंगे।

---

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में उद्यमिता मेले का आयोजन

# कौशल के आधार पर समाज में पैदा किए जा सकते हैं रोजगार

**संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से बटौरी वाहवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को ईडी सेल एवं प्रबंधन विभाग की ओर से मुकंद उद्यमिता मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियां, गेम्स, खानपान, स्टार्ट अप प्रदर्शनी आदि के स्टॉल लगाकर अपने कौशल का परिचय दिया। मेले का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग एवं संस्थान में आए अतिथियों प्रबंधन समिति के सदस्य पं.ज्ञानप्रकाश शर्मा, प्रमोद बंसल, एमएलएन कॉलेज रादौर की प्रिंसीपल डॉ.माला, जेएमआईईटीआई के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने आए सभी अतिथिगणों एवं मीडिया क्षेत्र से आए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतियोगी युग में छात्रों को आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। अपने कौशल के आधार पर ही समाज में रोजगार उत्पन्न किए जा सकते है। यदि भारत को विकासशील देश से विकसित देशों की सूची में आना है तो औद्योगिक विकास के रास्ते पर चलते हुए नवीन उद्योगों को स्टार्टअप के रूप में बढ़ावा देना पड़ेगा। उन्होंने छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों को जमकर सराहा एवं जेएमआईटी में चलाए जा रहे मुकंद स्टार्टअप एवं इनक्यूबेशन सेंटर पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संस्थान द्वारा नए स्टार्टअप एवं युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन स्वरूप सीड मनी दी जाती है जिससे वे संस्थान में अपना कार्यालय स्थापित कर के व्यवसाय को शुरू कर सकते हैं। संस्थान में इस तरह के आयोजन करवाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वयं संचालित उद्यमों के प्रति जागरूक करना है। जिससे देश में अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।

#### विधार्थियों की प्रतिभा को सराहा

इस अवसर पर मुकंद शिक्षण संस्थानों के 160 छात्रों ने स्टाल आदि लगाकर एवं एमएलएन स्कूल रादौर, एमएलएन कॉलेज रादौर, जेएमईटीआईए एमएलएन कॉलेज यमुनानगर, राजकीय महाविद्यालय रादौरी आदि के 1500 छात्रों ने शिरकत कर मेले की शोभा बढ़ाई। मेले की मुख्य आयोजन कर्ता प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल एवं बीबीए इंचार्ज राहुल शर्मा ने छात्रों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# क्विज में शिवम व खुशी रहे प्रथम

- रादौर के ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में गणित विभाग द्वारा ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर स्थित सरकारी कॉलेज में आयोजित क्विज प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

रादौर के ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में गणित विभाग के तत्वावधान में ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने की। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता में शिवम गुप्ता व खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही निकिता ने द्वितीय व बलप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि यह प्रोग्राम छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में रुचि पूर्वक भाग लेना चाहिए। संयोजक प्रो. गौरव सैनी ने गूगल फॉर्म के माध्यम से गणित विषय पर आधारित ऑनलाइन क्विज का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. अमित शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

- कुछ दिन पहले ही हुआ था मृतक का रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। ट्रेन की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में कार्रवाई करती पुलिस टीम।

कलानौर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव देवधर निवासी 27 वर्षीय शुभम मित्तल के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही मृतक शुभम का रिश्ता हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वीरवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जीआरपी थाना पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि कलानौर रेलवे स्टेशन के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही एएसआई राजिंद्र टीम के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस टीम ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान गांव देवधर निवासी 27 वर्षीय शुभम मित्तल के रूप में हुई। पुलिस टीम ने घटना के बारे मृतक के परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि शुभम का कुछ दिन पहले ही रिश्ता हुआ था। वह यहां पर कैसे आया उन्हें इस बारे कुछ नहीं पता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वीरवार सुबह सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। उधर, एएसआई राजिंद्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

---

# साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में शिक्षा मंत्रालय और एआईसीटीई के सहयोग से साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। गुरू नानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज में शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सहयोग से साइबर सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ विपिन आर्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के टिप्स दिए गए। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ विपिन आर्य ने विद्यार्थियों के साथ साइबर सुरक्षा की मूल बातें चर्चा की। उन्होंने विभिन्न साइबर खतरों, निवारक उपायों और आज के डिजिटल युग में नैतिक हैकिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रतिमा शर्मा ने कहा कि आज के युग में साइबर अपराध सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं। साइबर ठग पल भर में ही लोगों की जीवन भर की कमाई को खत्म कर देते हैं। साइबर अपराध के बारे सभी को जागरूक होना होगा। मौके पर आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. कैथरीन मसीह ने हमारे जीवन में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया और साइबर सुरक्षा जागरूकता की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मौके पर डॉ. विजय शर्मा, प्रो. गुरविंद्र कौर, डॉ. नीना पुरी, डॉ. अशोक खुराना, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. राजिंद्र वोहरा और डॉ. श्वेता सचदेवा उपस्थित रहे।

# संध्या मिस तो सजर बने मिस्टर फ्रेशर

- ग्लोबल रिसर्च गुरप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नाचरौंन में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च गुरप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नाचरौंन में आयोजित फ्रेशर पार्टी में चुने गए विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

ग्लोबल रिसर्च गुरप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नाचरौंन में वीरवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन फ्यूजन फेस्ट थीम पर किया गया। यह फेस्ट नए छात्रों के स्वागत और उन्हें संस्थान के वातावरण से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर हरप्रीत कौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा, गेस्ट ऑफ ऑनर एसएमओ रादौर डॉक्टर विजय परमार, भाजपा कार्यकर्ता वीर सिंह प्रधान एवं संस्थान वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल आदि उपस्थित हुए। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। फ्यूजन फेस्ट थीम में पारंपरिक और आधुनिक संस्कृति का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डांस फ्यूजन, सोलो सिंगिंग, भांगड़ा, ग्रुप डांस, सोलो डांस, कॉलेज ड्रामा, स्किट, शायरी एवं मॉडलिंग का शानदार प्रदर्शन किया गया।

#### ये रहे मौजूद

संस्थान प्रिंसिपल डॉ. अश्विनी कुमार ढींगरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी फ्रेशर्स को पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाने को प्रेरित किया। संस्थान समूह निदेशक डॉ. आरएस शर्मा ने छात्रों को जीवन की मुश्किलों से न घबराते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। मौके पर संजय पुंडीर, हंसराज कांबोज, डॉ. नेहा यादव उपस्थित रहे।

मौके पर जीआरआईएमटी से मिस फ्रेशर संध्या और मिस्टर फ्रेशर मोहम्मद सजर को चुना गया। जीआरआईपी से मिस फ्रेशर गुंजन व मिस्टर फ्रेशर एमडी अमन को चुन गया।

---

# हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में दी जानकारी

- न्यू ग्रेन मार्किट स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लगाया गया सहायता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। न्यू ग्रेन मार्किट स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लगाए गए सहायता शिविर में जानकारी हासिल करते एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पंजाब नेशनल बैंक न्यू ग्रेन मार्किट यमुना नगर में रिटायर्ड सदस्यों व फैमिली पेंशनर्स के लिये सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक से रिटायर्ड सदस्यों को हेल्थ इंश्योरेंस के बारे जानकारी दी गई। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरिस एसोसिएशन यूनिट यमुनानगर के प्रेजिडेंट चमन लाल ने बताया कि एसोसिएशन अपने रिटायर्ड सदस्यों व फैमिली पेंशनर्स के लिये समय समय पर सहायता शिविर का आयोजन करती रहती है ताकि पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड साथियों को कभी किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसी कड़ी में बैंक ने बजाज अलायन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ फ्री लेब टेस्ट का एग्रीमेंट किया है। जिसमें साल में एक बार रिटायरिस अपने और अपनी पत्नी के कंप्लीट बॉडी के टेस्ट फ्री करवा सकते है। जो सदस्य पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर हुए है उन रिटायर्ड साथियों को मोबाइल में एप डाउनलोड करनी है उसके द्वारा अप्लाई करने पर उनके ब्लड का सैंपल घर से ही लिया जायेगा।

#### एप्प की जानकारी दी

एसोसिएशन के पैटर्न एलएस श्रेवाल ने बताया कि इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए अनिल पराशर, एसपी कांबोज, चंदर मनी भाटिया व एमपी कालरा चार सदस्यों की टीम बनाई गई जो मोबाइल ऐप की जानकारी रखते है। उन्होंने शिविर में आये रिटायरिस को इस एप्प की जानकारी दी। शिविर में 27 सदस्यों ने अपने लेब टेस्ट की डेट ली। इस मौके पर सीनियर मैनेजर रीना व एसोसिएशन के केंद्रीय संगठन सचिव आरके वोहरा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर एसोसिएशन हर महीने लगाएगी।

# लघु नाटिका से दिया सफाई का संदेश

- निगम द्वारा गुरु नानक खालसा तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थान में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




यमुनानगर। गुरु नानक खालसा तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थान में लघु नाटिका से सफाई का महत्व बताती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम की ओर से गुरु नानक खालसा तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थान में स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से सफाई का महत्व बताया। वहीं, कार्यक्रम के बाद रैली निकाल कर विद्यार्थियों ने शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लघु नाटक में विद्यार्थियों ने साफ सफाई रखने से स्वस्थ रहने, पॉलिथीन व गंदगी से होने वाले नुकसान और पर्यावरण को स्वच्छ रखने को पौधरोपण करने के लाभ बताए। वहीं, आस पास साफ सफाई रखने का भी संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण देकर सभी को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। कम्पोस्ट पिट वर्कशॉप के माध्यम से रसोई वेस्ट, पार्कों व बागवानी वेस्ट से खाद तैयार करना सिखाया। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों ने रैली निकाली। रैली संस्थान से शुरू होकर जिंदल पार्क रोड, खालसा कॉलेज रोड व विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस संस्थान पर आकर संपन्न हुई।

---

# प्लाट की दीवार तोड़ने के बारे में पूछने पर परिवार के सदस्यों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर की आजाद नगर कॉलोनी में प्लाट की दीवार तोड़ने के बारे में पूछने पर कुछ लोगों ने परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। जिससे चार लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विक्रांत यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता विनोद मेहनत मजदूरी करता है। उन्होंने आजाद नगर की गली नंबर सात में 100 गज का प्लाट लिया हुआ है। जिसकी उन्होंने चार दीवारी कर रखी है। उनके पड़ोस में राधेश्याम अपने परिवार के साथ रहता है। राधेश्याम ने अपने मकान पर काम लगाया हुआ है। आरोपी राधे श्याम ने उनसे बिना पूछे उनके प्लाट की चारदीवारी तोड़ दी। जब उसका भाई राजकुमार व दादा सीताराम ने मौके पर पहुंचकर राधेश्याम से प्लाट की चारदीवारी तोड़ने के बारे में पूछा तो आरोपी तैश में आ गया। इस दौरान वह भी अपने दोस्त सनमोहन यादव व शिवम के साथ वहां पहुंच गया। इसके बाद आरोपी राधेश्याम ने अपनी पत्नी, लड़के संजू उर्फ संजीव, अंकुश, सुरज, गोलू व तीन अन्य युवकों के साथ मिलकर उन पर लोहे के पाइप व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। हमले में उसका दादा सीताराम, भाई राजकुमार, दोस्त सनमोहन व शिवम घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। उसने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

---

हवन-यज्ञ आयोजित कर की सभी के लिए मंगल कामना

# स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पखवाड़े का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वीरवार को आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के तत्वाधान में स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के वैदिक कार्यक्रम किए गए। मौके पर विद्यालय के प्रांगण में बच्चों द्वारा वैदिक यज्ञ किया गया। यज्ञ में बच्चों के साथ-साथ स्टाफ सदस्यों ने आहुति देकर सभी के लिए मंगल कामना की। प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव से बोधोसत्व (शिवरात्रि) तक स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं को स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन दर्शन, उनके सिद्धांतों व वैदिक संस्कारों के विषय से बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है। शर्मा ने स्वामी दयानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्नीसवीं शताब्दी में जन्म लेकर जिन महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्र धर्म व संस्कृति की अपूर्व सेवा की है उनमें स्वामी दयानंद सरस्वती का नाम अग्रगण्य है। स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा नगर में हुआ था। इनके पिताजी शिव भक्त थे। वह अपने पुत्र को भी शिव भक्त बनाना चाहते थे।

#### वेदों की ओर लौटो का नारा दिया

उन्होंने गुरु विरजानंद जी के पास रहकर आर्य शिक्षा ग्रहण की। भारतवर्ष को गुलामी व अंधविश्वास में जकड़ा देख कर उन्हें बहुत दुख हुआ व उन्होंने भारतवर्ष को गुलामी व अंधविश्वास की जंजीरों से आजाद कराने के लिए पूरे भारतवर्ष में घूम-घूम कर वैदिक धर्म का प्रचार किया। लोगों को वेदों की ओर लोटो का नारा भी दिया। उन्होंने लोगों को सत्य का ज्ञान कराने हेतु सत्यार्थ प्रकाश नामक ग्रन्थ की भी रचना की। जिसको पढ़कर अनेक क्रांतिकारियों ने भारतवर्ष की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान तक दे दिया। मौके पर अमित कुमार शास्त्री, अविनेश शास्त्री, ईशा वर्मा, अंजलि शर्मा, अंजना व प्रीति आदि मौजूद थे।

## नगर परिषद चुनाव : 2 को होगा मतदान और 12 मार्च को मतगणना

# प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित अब प्रचार और जनसंपर्क पर जोर

*प्रशासन ने बूथों का किया गठन और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के आदेश किए जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद थानेसर आम चुनाव में चुनाव चिन्ह आवंटन होने के बाद उम्मीदवार अपने-अपने वार्डों में प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। नगर परिषद थानेसर के 32 वार्डों में से वार्ड 7 से निशा मदान व वार्ड 32 से सुधीर चुघ का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि वार्ड 7 और वार्ड 32 में एक-एक ही उम्मीदवार है। नगर परिषद थानेसर चुनाव में कई वार्डों में सीधी टक्कर है। नगर परिषद थानेसर आम चुनाव में प्रधान पद के 5 प्रत्याशियों और 32 वार्डों के 91 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आंबटित कर दिए गए है। इन चुनावों को लेकर प्रशासन ने बूथों का गठन कर दिया गया है और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के आदेश भी जारी कर दिए गए है। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद प्रधान पद के लिए भाजपा की प्रत्याशी माफी देवी को कमल, आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी रूकमणी वाल्मिकि को झाडू, बसपा की प्रत्याशी राजबाला को हाथी, कांग्रेस की प्रत्याशी सुनीता कुमारी को हाथ, आजाद उम्मीदवार रतन कौर को सेब का चुनाव चिन्ह मिला है। उन्होंने कहा कि वार्ड 1 से भाजपा प्रत्याशी गौरव कुमार को कमल, आजाद उम्मीदवार आकाश भट्ट को जग, आजाद उम्मीदवार कुलविन्द्र कौर को उदयमान सूर्य, वार्ड 2 से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण शर्मा को कमल, आजाद उम्मीदवार निशा को कार, आजाद उम्मीदवार नीलम रानी को हवाई जहाज, आजाद उम्मीदवार संजना को साईकिल का चुनाव चिन्ह मिला है। उन्होंने कहा कि वार्ड 3 से भाजपा प्रत्याशी सिमरन को कमल, आजाद उम्मीदवार आरजू को छाता, आजाद उम्मीदवार राज रानी को रेल का इंजन, वार्ड 4 से भाजपा प्रत्याशी कमल किशोर को कमल, आजाद उम्मीदवार नरेश कुमार को कार, आजाद उम्मीदवार धन सिंह को साईकिल, वार्ड 5 से भाजपा प्रत्याशी संदीप कोहली को कमल, आजाद उम्मीदवार विवेक भारद्वाज को तीरकमान, आजाद उम्मीदवार निश्चल दीप को उदयमान सूर्य, वार्ड 6 से भाजपा के प्रत्याशी ज्योति को कमल, आजाद उम्मीदवार मनीषा को उदयमान सूर्य, वार्ड 7 से भाजपा प्रत्याशी निशा रानी को कमल, वार्ड 8 से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार को कमल, आजाद उम्मीदवार जगत सिंह को साईकिल, वार्ड 9 से भाजपा प्रत्याशी मानक सिंह को कमल, आजाद उम्मीदवार दीपक कुमार को जग, आजाद उम्मीदवार शुभम को उदयमान सूर्य, वार्ड 10 से भाजपा प्रत्याशी पंकज खन्ना को कमल, आजाद उम्मीदवार निर्मल सिंह को उदयमान सूर्य, आजाद उम्मीदवार रविन्द्र कुमार को शंख, आजाद उम्मीदवार सतनाम सिंह को कार का चुनाव चिन्ह मिला है।



### वार्ड 23 व 24 में प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि वार्ड 23 से भाजपा प्रत्याशी गुरजीत सिंह सैनी को कमल, आजाद उम्मीदवार परमवीर सिंह को उदयमान सूर्य, वार्ड 24 से भाजपा प्रत्याशी पूजा को कमल, आजाद उम्मीदवार जीवन ज्योति शर्मा को साईकिल, वार्ड 25 से भाजपा प्रत्याशी आशु बाला को कमल, आजाद उम्मीदवार नीतू रानी को उदयमान सूर्य, आजाद उम्मीदवार रेखा को छाता, आजाद उम्मीदवार रेशमा रानी को शंख, वार्ड 26 से भाजपा प्रत्याशी प्रिया रानी को कमल, आजाद उम्मीदवार गीता रानी को तराजू,आजाद उम्मीदवार चेतना का उदयमान सूर्य, आजाद उम्मीदवार संतोष देवी को शंख, वार्ड 27 से भाजपा प्रत्याशी धनराज को कमल, आजाद उम्मीदवार पृथ्वीराज को छाता, आजाद उम्मीदवार रविन्द्र भट्टी को उदयमान सूर्य, आजाद उम्मीदवार हेम चंद्र को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह मिला है।

### वार्ड 29 में रामराज व मन्नू जैन के बीच मुकाबला


कुरुक्षेत्र। चुनाव चिहन लेते प्रत्याशी।

उन्होंने कहा कि वार्ड 28 से भाजपा प्रत्याशी रेखा को कमल, आजाद उम्मीदवार डा. दीक्षा गर्ग को साईकिल, आजाद उम्मीदवार पूजा दहिया को उदयमान सूर्य, आजाद उम्मीदवार विजय लक्ष्मी को रेल का इंजन, आजाद उम्मीदवार विजय लक्ष्मी को बैट, आजाद उम्मीदवार सीमा देवी को छाता,आजाद उम्मीदवार सीमा रानी को कार, वार्ड 29 से भाजपा प्रत्याशी रामराज को कमल, आजाद उम्मीदवार मन्नू जैन को साइकिल, वार्ड 30 से भाजपा प्रत्याशी वेद प्रकाश को कमल, आजाद उम्मीदवार नरेन्द्र कुमार को उदयमान सूर्य, वार्ड 31 से भाजपा प्रत्याशी कवि बजाज को कमल, आजाद उम्मीदवार गौरव शर्मा को तीर कमान, आजाद उम्मीदवार ममता रानी को उदयमान सूर्य तथा वार्ड 32 से भाजपा प्रत्याशी सुधीर कुमार चुघ को कमल का निशान मिला है।

### विभा शर्मा को मिला जीप का चुनाव चिन्ह

डीएमसी ने कहा कि वार्ड 11 से भाजपा प्रत्याशी सुषमा मेहत्ता को कमल, आजाद उम्मीदवार विभा शर्मा को जीप, वार्ड 12 से भाजपा प्रत्याशी दरबार सिंह को कमल, आजाद उम्मीदवार नरेश कुमार को तीर कमान, आजाद उम्मीदवार राजेन्द्र कुमार को उदयमान सूर्य, आजाद उम्मीदवार सतबीर सिंह को पंतग, वार्ड 13 से भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत हरयाल को कमल, आजाद उम्मीदवार जयभगवान को साईकिल, आजाद उम्मीदवार महिन्द्र सिंह मलिक को कांच का गिलास, आजाद उम्मीदवार रविन्द्र कुमार को उदयमान सूर्य, वार्ड 14 से भाजपा प्रत्याशी बखशीश कौर को कमल, आजाद उम्मीदवार शारदा कुमारी को उदयमान सूर्य, वार्ड 15 से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल अरोड़ा को कमल, आजाद उम्मीदवार आशु गाबा को उदयमान सूर्य का चुनाव चिन्ह मिला है।

### वार्ड 16 से आजाद उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मिला साइकिल का चुनाव चिन्ह

वार्ड 16 से भाजपा प्रत्याशी सरिता देवी को कमल, आजाद उम्मीदवार गुरप्रीत कौर को शंख, आजाद उम्मीदवार रतन कौर को तराजु, वार्ड 17 से भाजपा प्रत्याशी प्रेम नारायण अवस्थी को कमल, आजाद उम्मीदवार कुलदीप कुमार को साईकिल, वार्ड 18 से भाजपा प्रत्याशी श्याम लाल को कमल, आजाद उम्मीदवार अनिरूद्ध कौशिक को उदयमान सूर्य, वार्ड 19 से भाजपा प्रत्याशी मुकंद लाल सुधा को कमल, आजाद उम्मीदवार राजेश कुमार को उगता सूरज, आजाद उम्मीदवार हुलास सतीजा को शंख, वार्ड 20 से भाजपा प्रत्याशी मनिन्द्र सिंह छिंदा को कमल, आजाद उम्मीदवार महेश कुमार को छतरी, वार्ड 21 से भाजपा प्रत्याशी एकता गोयल सिकरी को कमल, आजाद उम्मीदवार नेहा गुप्ता को उगता सूरज, वार्ड 22 से भाजपा प्रत्याशी चेतन को कमल, आजाद उम्मीदवार ओम प्रकाश को शंख, आजाद उम्मीदवार मनिंद्र सिंह को उदयमान सूर्य चुनाव चिन्ह दिया गया है।

## जिला बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन पत्रों की हुई जांच

- जांच में सभी नामांकन पत्र मिले सही व दुरुस्त : एडवोकेट सुमेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। नामांकन पत्रों की जांच करते चुनाव अधिकारी अधिवक्ता केके कौशिक व एआरओ अधिवक्ता सुमेर कैरो।

कुरुक्षेत्र जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 28 फरवरी को होगा। बुधवार को जहां जिला बार एसोसिंएशन के कार्यालय में विभिन्न पदों के लिए नामांकन लिए गए वहीं वीरवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। एआरओ सुमेर कैरो ने बताया कि जांच में सभी नामांकन पत्र सही व दुरुस्त मिले है। उन्होंने बताया कि कुल 1541 वोट है जबकि सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट में 24 सदस्य है। उन्होंने बताया कि इस बार 200 से अधिक युवा वोटर है जो अपना मतदान करेंगे। मतदान के लिए दो बूथ बनाए जाएंगे। आवेदन करने वाले प्रत्याशी 21 फरवरी को सुबह 11 बजे से तीन बजे तक अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते है। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिहन आबंटित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी सीनियर अधिवक्ता केके कौशिक ने बताया कि प्रधान पद के लिए दो नामांकन जबकि वाइस प्रेसिडेंट के लिए तीन नामांकन, जनरल सेक्रेटरी के लिए दो, जॉइंट सेक्रेटरी के लिए दो, कैशियर के लिए तीन, महिला एग्जीक्यूटिव सदस्य के लिए चार नामांकन प्राप्त हुए। रिटर्निंग ऑफिसर कौशिक ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए धर्मेंद्र अत्री व सहदेव राधन ने प्रधान पद के लिए नामांकन भरा। वाईस प्रेसिडेंट के लिए राजेश मोवुआल, सतपाल सिंह व सौरभ शर्मा ने नामांकन भरा। इसके अलावा जनरल सेक्रेट्री के लिए आलोक शर्मा व संजीव धवन और जॉइंट सेक्रेट्री के लिए खुशविंदर वशिष्ठ व विक्रांत कुमार जांगड़ा ने नामांकन भरा। कैशियर के लिए अखिल चौहान जयदीप रंगा व पीयूष गोयल ने नामांकन भरा। महिला एग्जीक्यूटिव सदस्य के लिए गुंजन, रमणीक कौर, पूनम मालन, वैशाली बंसल ने नामांकन दाखिल किया है।

### दिग्विजय चौटाला ने विवाह में पहुंचकर दी शुभकामनाएं



कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री दिग्विजय सिंह चौटाला ने अपने संघर्षशील साथी अमरजीत सिंह चीमा के भाई के विवाह समारोह कुरुक्षेत्र के एक निजी पैलेस में पहुंचकर उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी। उन्होंने वर-वधू को सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और समाज के बीच संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का अवसर होता है। इस अवसर पर डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा और योगेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनैतिक नेता भी शामिल हुए, जिन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और परिवार के साथ इस खुशी के मौके को साझा किया। दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस मौके पर अपने पुराने संघर्षों को याद करते हुए कहा कि जीवन में जो भी ऊँचाइयाँ प्राप्त होती हैं, उसके पीछे मेहनत, समर्पण और सच्चे साथियों का हाथ होता है।

### यूरोलॉजिकल कैंसर पर सेमिनार आयोजित



पिहोवा। रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा होटल प्लेटिनम में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें फोर्टिस हॉस्पिटल, चंडीगढ़ के प्रसिद्ध यूरोलॉजिकल कैंसर विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस सेमिनार में यूरोलॉजिकल कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल ने यूरोलॉजिकल कैंसर के लक्षणों, कारणों, बचाव के उपायों और नवीनतम उपचार विधियों के बारे में गहन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बीमारी आमतौर पर किडनी, ब्लैडर, प्रोस्टेट और टेस्टिस में पाई जाती है और समय पर पहचान व सही उपचार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान, अनियमित जीवनशैली, अनुवांशिक कारण, और प्रदूषण जैसे कई कारक इस बीमारी के खतरे को बढ़ाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, शारीरिक व्यायाम और तनाव प्रबंधन से यूरोलॉजिकल कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने नवीनतम चिकित्सा पद्धतियों जैसे कि न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए कहा कि शुरूआती अवस्था में रोग की पहचान से उपचार अधिक प्रभावी होता है और रोगी का जीवन सुरक्षित रह सकता है। सेमिनार में उन्होंने महिलाओं और पुरुषों में यूटीआई संक्रमण के बढ़ते मामलों और इसके रोकथाम के उपायों पर भी जानकारी दी।

### दो दिवसीय स्टार्टअप सक्सेस कोलोक्वियम का शुभारंभ आज

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 21 और 22 फरवरी 2025 को दो दिवसीय स्टार्टअप सक्सेस कोलोक्वियम का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की परिकल्पना है, जिसका उद्देश्य युवा उद्यमियों के बीच स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना और एक सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इसके आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि स्टार्टअप सक्सेस कोलोक्वियमः युवा उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच है जिससे उनमें न केवल स्टार्टअप संस्कृति विकसित होगी बल्कि वे स्वयं का स्टार्टअप शुरू कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएगे।



### बाल मजदूरी को रोकने के लिए किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। जिला टास्क फोर्स ने बाल मजदूरी को रोकने के लिए कुरुक्षेत्र के बाबैन की मार्किट में जाकर दुकानदारों को जागरूक किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पंचाल, लेबर विभाग से इंस्पेक्टर सुरेश कुमार , मानव तस्करी निरोधक इकाई से एएसआई राजतिलक सिंह ,जिला बाल संरक्षण इकाई से रिचा और एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल ने दुकानों पर जाकर जागरूक किया। दुकानदारों ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। ऐसे जागरूक कार्यक्रम प्रत्येक गांव में चलाए जाने चाहिए। ताकि समाज को ऐसी कुरीतियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला टास्क फोर्स बाल मजदूरी पर कार्य कर रही है, इसके लिए यह बधाई की पात्र हैं। दुकानदारों ने कहा कि वे भरपूर प्रयास करेंगे कि अपने शहर व आसपास के गांव की दुकानों पर कोई 18 साल से कम का बच्चा काम न करे। जिला टास्क फोर्स का पूरा सहयोग करेंगे। जिला टास्क फोर्स ने कहा कि बाल मजदूरी समाज के लिए अभिशाप है।

## आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। मांगों को लेकर लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर व हैल्पर।

भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने बृहस्पतिवार को अपनी मांगों को लेकर यूनियन की प्रदेश सचिव व जिला प्रधान कलावती की अगुवाई में जिला मुख्यालय प्रदर्शन किया और नगराधीश को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। जिला भर से आई आंगनबाड़ी वर्करों व हैल्परों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। इससे पहले आंगनबाड़ी वर्कर व हैल्पर सेक्टर 10 स्थित ताज पार्क में इकट्ठा हुई और वहां से पैदल प्रदर्शन करती हुई लघु सचिवालय पहुंची। यूनियन की प्रदेश सचिव व जिला प्रधान कलावती ने कहा कि सरकार द्वारा लगातार उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है तथा उनकी समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई बार सरकार व विभाग के उच्चाधिकारियों को मांग पत्र व नोटिस भेजा था, लेकिन उन नोटिसों पर विभाग का कोई सकारात्मक रख सामने नहीं आया। उन्होंने बताया कि नगराधीश को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री द्वारा एक फ्लेक्सी फंड की घोषणा की गई थी जबकि उसका कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है, इसका नोटिफिकेशन जारी किया जाए, आंगनवाड़ी वर्कर का ड्रेस का पैसा समय पर दिया जाए, नेट रिचार्ज और नेट का पैसा बढ़ाया जाए, पोषण ट्रैक्टर पर काम करने का इंसेंटिव भी साथ के साथ दिया जाए आदि मांगे शामिल है।

## 2 चिकित्सक लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

- आयुर्वेदिक चिकित्सकों को मीटिंग में दिए मेडिकल टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। मीटिंग में डॉ करतार धीमान एवं अध्यक्ष डॉ राजीव अत्री के साथ चिकित्सक।

आयुर्वेदिक चिकित्सकों को मीटिंग में चिकित्सा को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। मीटिंग में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे आयुष यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ करतार सिंह धीमान ने अपने संबोधन में देश भर में बढ़ रहे आयुर्वेदिक उपचार को लेकर कई अहम जानकारियां साझा की जो चिकित्सकों को आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करने में सहायक सिद्ध होगी । डॉ करतार धीमान ने यह भी कहा कि कोरोना काल में विश्व भर में आयुर्वेदिक उपचार करके लोगों को कोरोना वायरस से राहत मिली थी। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के अध्यक्ष डॉ राजीव अत्री ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा कई जानलेवा बीमारियों के लिए कारगर साबित हुई है इसलिए लोगों में आयुर्वेद के प्रति विश्वास पहले से ज्यादा हुआ है ।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डीएलएसए ने लगाया हैल्प डेस्क

थानेसर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन म जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 8 मार्च 2025 को होने वाली लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए कोर्ट कॉम्पलेक्स, लघु सचिवालय, उपभोक्ता फोरम में हेल्प डेस्क लगाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि डीएलएसए के पीएलवीज द्वारा लोगों को पैंपलेटस देकर लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

## भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में आध्यात्मिक रहस्य निहित : सौम्या

- प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी रोड़, थानेसर में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी रोड़, थानेसर में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत द्वितीय दिवस के अंतर्गत दिव्य गुरुश्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या भारत विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सौम्या भारती ने बताया कि प्रभु के जीवन पर आधारित अनेकों ही गौरवशाली ग्रंथ हैं। जिनमे उनकी पावन लीलाओ पर कहा कि प्रत्येक लीला के पीछे कोई न कोई आध्यात्मिक रहस्य निहित है। जिसको हम अपनी अल्प बुद्धि के माध्यम से नहीं समझ सकते। आगे उन्होंने बताया कि प्रभु की दिव्य लीलाओं का तत्समय प्रयोजन तो था ही आज वर्षोपरांत भी हमारे लिए एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। जिससे हमारे जीवन का मार्ग दर्शक हो सके। अतएव प्रभु के जीवन से जुडी यह लीलाएं हमारे लिए खास महत्त्व इसलिए भी रखती हैं क्योंकि उनसे हमारी संस्कृति और लोक व्यवहार जुड़ा हुआ है। सुश्री सौम्या भारती ने बताया कि महापुरुषों की लीलाओं को दिव्य लीला क्यों कहते हैं क्योंकि उनकी लीलाएं अलौकिक होती हैं। जिसमें प्रत्येक मानव को कुछ सीखने को मिलता है व उनकी अलौकिक लीलाओं को हम अपनी लौकिक बुद्धि से कैसे समझ सकते हैं? बाह्य इन्द्रियों से तो मानव संसार को ही नहीं देख सकता।



### केयू के जनसंचार संस्थान के विद्यार्थियों ने जीती संचार उत्सव की ऑवर ऑल ट्राफी

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय संचार उत्सव में ऑवर ऑल ट्राफी जीती। इस अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने सभी 16 प्रतिभागियों को इस अपार उपलब्धि की बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का जीवन संवरता है क्योंकि विभिन्न प्रतियोगिताओं से ही विद्यार्थियों में सीखने की विधा का जन्म होता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को इसी तरह विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि जनसंचार एवं मीडिया संस्थान के विद्यार्थियों की भागीदारी लगभग सभी प्रतियोगिताओं में रहती है और यह भागीदारी आगे भी रहेगी।

**कार्यक्रम** विकसित भारत 2047 : चुनौतियां, अवसर एवं विकास विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

# विकसित भारत अभियान में देश के प्रत्येक नागरिक का अहम योगदान अपेक्षित : सुधा

*राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सेमिनार के आयोजन पर केयू प्रशासन का जताया आभार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। सेमिनार की स्मारिका का भी विमोचन करते अतिथिगण।

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री एवं थानेसर के लोकप्रिय पूर्व विधायक सुभाष सुधा ने कहा है कि विकसित भारत के लिए ढांचागत विकास जरूरी है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन विकसित भारत 2047 को लेकर हर क्षेत्र में ढांचागत विकास पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है। इसके साथ ही विकसित भारत अभियान में देश के प्रत्येक नागरिक का अहम योगदान भी अपेक्षित है। यह विचार उन्होंने गुरुवार को केयू डॉ. आरके सदन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग एवं न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत 2047 : चुनौतियां, अवसर एवं विकास विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन सोशल साइंस प्रो. एसके चहल, डॉ. बीआर अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, सेमिनार निदेशक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार व सह निदेशक डॉ. ज्योति तथा आयोजन सचिव प्रो. जनक सिंह मीना ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन विकसित भारत 2047 के अनुरूप सड़क, कृषि, शिक्षा, व्यापार एवं उद्योग, स्वास्थ्य एवं विज्ञान सहित अन्य क्षेत्रों में ढांचागत विकास को लेकर कार्य हो रहा है जिससे विकसित भारत अभियान को तीव्र गति मिली है। उन्होंने इस विषय पर दो दिवसीय सेमिनार के आयोजन के लिए केयू प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि निश्चित रूप से राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से विकसित भारत अभियान हेतु अहम सुझाव मिलेंगे। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा सेमिनार की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। केयू डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि राष्ट्र के विकास में सभी भारतीयों को योगदान जरूरी है जिससे आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्वगुरु बनकर पूरे विश्व का मार्गदर्शन करेगा। इसके साथ ही उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पांच प्रण स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, अपनी विरासत पर गर्व करने, गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलने, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्त्तव्यों का ईमानदारी से निवर्हन करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### डीसी ने खुद करवाई स्वास्थ्य शिविर में जांच

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निर्देशानुसार वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग से आई टीम ने डीसी ऑफिस के कर्मचारियों के साथ-साथ यहां पर स्थित अन्य विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें जांच उपरान्त दवाईयां भी निशुल्क वितरित की। तोमर ने स्वयं जांच शिविर का अवलोकन करते हुए यहां पर स्वास्थ्य की जांच करवाई।

### डीसी ने खेल स्टेडियम का किया अवलोकन

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को अंबाला छावनी स्थित फुटबाल स्टेडियम, जिला खेल अधिकारी कार्यालय के साथ-साथ, खेल छात्रावास, ऑल वैदर स्वींमिग पूल, जिम्नास्टिक हॉल व बॉक्सिंग हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां उन्होंने खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम छावनी विनीत कुमार मौजूद रहे।तोमर ने सबसे पहले फुटबॉल स्टेडियम के सामने स्थित खेल छात्रावास का जायजा लिया।

### समाधान शिविर में चार शिकायतें आई

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर को लगाएं जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रार्थी की समस्या को यहां पर विस्तार पूर्वक सुनते हुए उसका निदान किया जाता है। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारी एक ही छत के नीचे उपस्थित रहते हैं। विभाग को मौके पर ही शिकायत मार्क करके उसका समाधान करने के दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। नगराधीश अभिषेक गर्ग वीरवार को जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में प्रार्थियों की समस्याओं को सुन रहे थे। शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई।

### ई-बैंकिंग पर कार्यशाला के दौरान रखे विचार

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में ई-बैंकिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन ई-बैंकिंग विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. रितु चांदना और इंचार्ज डॉ. बिन्नी पाहवा की देखरेख में किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्राओं को मंच पर आने का अवसर मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। इंटरनेट बैंकिंग प्रणाली एक ऐसा माध्यम है, जिससे घर बैठे ही कई सुविधाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

### दिल्ली की नवनियुक्त सीएम को दी बधाई

**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व ज़िला कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सीएम की शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा की दिल्ली सरकार केजरीवाल द्वारा फैलाए भ्रष्टाचार से दिल्ली की जनता को मुक्त करवाएगी। विगत वर्षों में दिल्ली के रुके विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल एंड पार्टी के झूठे वायदों को नकारते हुए भाजपा को प्रचंड जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है क्योंकि जनता जानती है कि मोदी जो कहते हैं वह करते हैं।

### पटाखे बजाने वाले बुलेट बाइक को जब्त किया

**मुलाना।** बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे बजाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए मुलाना थाना प्रभारी बलकार सिंह ने दोसड़का में नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान एक बाइक चालक की बाइक के साइलेंसर से पटाखे की आवाज आई। मोटरसाइकिल मालिक ने साइलेंसर से छेड़छाड़ की हुई थी। थाना प्रभारी बलकार सिंह ने उस मोटरसाइकिल को जब्त किया। बलकार सिंह ने बताया कि पुलिस एक विशेष अभियान भी चलाएगी। जिसमें मुख्य बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी रखी जाएगी। इस तरह की हरकतें आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनती हैं।

---

**नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला**

# अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के तीन नए चेहरे मैदान में, कांग्रेस ने किसी पर नहीं लगाया दांव

- 16 वार्डों से 43 उम्मीदवारों ने भी जीत के लिए शुरू किया चुनाव प्रचार
- 25 उम्मीदवारों ने वापस लिया अपना नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


डॉ. कुलदीप शर्मा


हरजिंद्र सिंह


रजत मलिक

नगरपालिका चुनाव के लिए यहां सियासी मैदान पूरी तरह से सज चुका है। सभी उम्मीद्वारों को चुनाव चिह्न मिल चुके हैं। इस बार अध्यक्ष पद के लिए 11 उम्मीद्वारों ने नामांकन किया था। 4 उम्मीद्वारों ने अपना नाम वापिस ले लिया है। इसी तरह 16 वार्डों से 63 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। 21 अपना फार्म वापिस ले लिया है। इसी वजह से अब मैदान में केवल 43 उम्मीद्वार ही बचे हैं। वार्ड नंबर 8 और 14 से किसी भी उम्मीद्वार ने अपना नामांकन वापिस नहीं लिया है। चुनाव में उतरे सभी उम्मीद्वारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। नपा चुनाव में सबसे दिलचस्प चुनाव अध्यक्ष का होने वाला है। इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। यह पहली बार है कि अध्यक्ष सीधे तौर पर चुना जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए डॉ. कुलदीप, ओमप्रकाश शर्मा, बलजीत सिंह, रीटा केसरी, भाजपा के हरजिंद्र सिंह, दविंद्र कुमार और रजत मलिक मैदान में है। हालांकि भाजपा की ओर से किसी भी नेता को अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। कांग्रेस ने तो चुनाव में अपना कोई उम्मीदवार ही मैदान में नहीं उतारा। अब यह चुनाव भाजपा के हरजिन्द्र सिंह, रजत मलिक और डॉ. कुलदीप के इर्द गिर्द ही घूम रहा है। ऐसे में किसी को भी कमजोर आंकना गलत होगा। रजत मलिक भाजपा पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। वह भाजपा में अहम भूमिका रखते हैं।

वह पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान के भी करीबी माने जाते हैं। डॉ. कुलदीप शर्मा का भी मिलनसार स्वभाव व साफ छवि के कारण कस्बे में खूब नाम है। अब ये देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि तीनो में से कौन सा उम्मीदवार जीत हासिल करता है।

## निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा



**अंबाला।** अबाला छावनी सदर नगर परिषद् के चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने एसडी कॉलेज छावनी में बनाए जाने वाले मतगणना केंद्र व स्ट्रॉंग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनीत कुमार, नायब तहसीलदार सुनील के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तोमर ने नगर परिषद् के चुनाव के दृष्टिगत यहां पर बनाए जाने वाले मतगणना केंद्र के साथ-साथ स्ट्रॉंग रूम स्थापित करने को लेकर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। रिटर्निंग अधिकारी विनीत कुमार ने उपायुक्त को बताया कि एसडी कॉलेज में ही स्ट्रांग रूम स्थापित होगा। यहीं पर मतगणना होगी। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह राणा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

## अफसरों को चुनावी ड्यूटी की जानकारी दी

**अंबाला।** निकाय चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर वीरवार को मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबाला शहर मे प्रीजाइडिंग ऑफिसर, सहायक प्रीजाईडिंग ऑफिसर व पोलिंग ऑफिसर के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता व अन्य द्वारा चुनाव से जुड़े कार्यों के बारे व आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत तमाम कार्यों की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन से सम्बधिंत प्रक्रिया के बारे में भी तमाम जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 2 मार्च को जिले में निकाय चुनाव होने हैं। चुनाव ड्यूटी से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य मकसद यहीं है कि उन्हें चुनाव से जुड़े कार्यों के बारे में तमाम जानकारी हो। मास्टर ट्रेनर श्रीराम गुप्ता ने मतदान वाले दिन मतदान से पहले होने वाली मॉकपोल बारे भी आवश्यक जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह को प्रशिक्षण शिविर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उनकी अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करते हुए चुनाव ड्यटी से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दी जाएगी।



## छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व बताया

- खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद ने व्यक्तित्व विकास पर दिया जोर



**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थम्बड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) प्रमोद राणा मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर और विद्यालय परिसर में पौधारोपण करवा कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने विद्यार्थियों को कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। इससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक दृष्टिकोण और आपात स्थितियों से निपटने की योग्यता विकसित होती है। उन्होंने समाज की जरूरतों व समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## जनस्वास्थ्य विभाग ऑफिस को सील करने का प्रयास

- 3.92 करोड़ के टैक्स की रिकवरी किए बिना वापस लौटी जांच टीम
- ऑफिस सील होने की संभावना के चलते अफसरों ने शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मॉडल टाउन स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के भवन को नगर निगम की टीम सील नहीं कर पाई। विभाग की ओर निगमका 3.92 करोड़ का टैक्स बकाया है। निगम की टीम ने जब भवन को सील करने की मुनियादी करवाई तो तमाम कर्मचारी मुख्य गेट पर जमा हो गए। नगर निगम की टीम विरोध होने की भनक लगते ही भवन को सील किए बिना ही वापिस लौट गई। हालांकि भविष्य में कार्रवाई की संभावनाओं के चलते विभाग की ओर से बकाया संपत्ति कर देने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही निगम के खाते में 3 करोड़ 92 लाख का भुगतान करने की बात कही जा रही है। दरअसल जनस्वास्थ्य विभाग के पास निगम का संपत्ति कर बकाया है। पहले भी निगम टीम संपत्ति कर लेने के लिए विभाग में पहुंची थी। तब विभाग की ओर से निगम अधिकारियों से समय लिया गया था और अपने उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवाया गया था। बकाया राशि का भुगतान न होने पर नगर निगम टीम जनस्वास्थ्य विभाग में पहुंची।

कार्यकारी अभियंता कर्णबीर सिंह ने निगम से आए संपत्ति कर शाखा प्रभारी विकास कुमार को बताया कि विभाग की ओर से 3 करोड़ 92 लाख के चेक जिला कोषागार में जमा करवा दिए गए हैं। जल्द ही निगम के खाते में यह राशि पहुंच जाएगी। इसके बाद टीम वापस लौटी। निगम की ओर से शहर में रोजाना बकाया संपत्ति कर होने पर भवन को सील किया जा रहा है। निगम लगातार बकाया संपत्ति कर की रिकवरी कर रहा है। संपत्ति कर शाखा प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि निगम की ओर से 31 मार्च तक बकाया संपत्ति कर रिकवर करने का लक्ष्य रखा गया है और लगातार इसको लेकर नोटिस दिए जा रहे हैं और बकाया कर न देने पर भवन को सील किया जा रहा है।सरकारी विभागों व निजी संपत्ति संचालकों से कर की रिकवरी की जा रही है। निगम की ओर से कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, जो बकाया संपत्ति कर जमा करवाने के लिए माइक पर अनाउंसमेंट कर रहे हैं।

## मूल्य-वर्धित शिक्षा के प्रति चंडीगढ़ विवि की प्रतिबद्धता



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन ने हाल ही में अपने तेरह मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम पहल के साथ सहयोगात्मक शिक्षण और कौशल वृद्धि का एक प्रेरक सप्ताह शुरू किया। इस कार्यक्रम में फैशन डिज़ाइन, ललित कला, इंटीरियर डिज़ाइन और औद्योगिक डिज़ाइन विभागों में आकर्षक कार्यशालाएँ शामिल थीं, जहाँ 500 से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों ने अपने ड्राइंग कौशल को निखारा, जिससे उन्हें फैशन अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने में मदद मिली। क्लो3डी फॉर नेक्स्ट-जेन डिज़ाइनर्स कार्यशाला थी, जिसने छात्रों को उन्नत 3डी परिधान विज़ुअलाइज़ेशन सॉफ़्टवेयर से परिचित कराया। डिजिटल फैशन टूल्स को समझना बहुत ज़रूरी है क्योंकि इंडस्ट्री वर्चुअल डिज़ाइन और सस्टेनेबिलिटी की ओर बढ़ रही है। फुलकारी कढ़ाई कार्यशाला ने आधुनिक तकनीकों को एकीकृत करते हुए पारंपरिक शिल्प कौशल का जश्न मनाया, जिससे छात्रों को समकालीन डिज़ाइन में इस पंजाबी कला के सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानने का मौका मिला। व्यापक दृश्य कला के क्षेत्र में, कला निर्देशन और फिल्म निर्माण सत्र ने दृश्य कहानी कहने में अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिससे छात्रों को सिनेमाई संदर्भों में अपनी रचनात्मकता का उपयोग करने का अधिकार मिला। कला के प्रति उत्साही लोगों को पाम लीफ प्रिंटिंग से जुड़ने का अवसर भी मिला, जो एक कार्यशाला थी जिसमें पारंपरिक कलात्मक अभिव्यक्ति के साथ पारिस्थितिक जागरूकता को जोड़ा गया था। दुनिया में डिज़ाइन और उपयोगकर्ता अनुभव के परस्पर संबंध के लिए तैयार किया।

## नैतिकता का पतन पार कर चुका चरम सीमा

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व ग्रामीण।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंगलई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि परमात्मा जन्म-मरण और पाप-पुण्य आदि कर्मों से परे है। जबकि सृष्टि पर पुनः भ्रष्टाचार, अनाचार एवं अत्याचार सर्वत्र फैल चुका है। चारों ओर नैतिकता का पतन अपनी चरम सीमा को प्राप्त हो चुका है। परमात्मा शिव मनुष्य मात्र को अज्ञान-निद्रा से जागृत करने के लिए पुनः प्रजापिता ब्रह्मा-वत्सों द्वारा सत्य ज्ञान देकर एवं सहज राजयोग सिखलाकर "पवित्र बनो, राजयोगी बनो' का ईश्वरीय संदेश दे रहे हैं। यह संदेश परमात्मा के अवतरण की सच्ची घटना है। इसके संदर्भ में घटने वाली घटनाओं ने मानवता और दानवता के भेद को भी नष्ट कर दिया है। मनुष्य अज्ञानता की अंधेरी रात में अपने विवेक का इस्तेमाल केवल विध्वंसक प्रवृत्तियों और अकल्याण के लिए कर रहा है। शिवरात्रि पर सच्चा उपवास यही है कि हम परमात्मा शिव से बुद्धियोग लगाकर उनके समीप रहें।

उपवास का अर्थ ही है उप + वास अर्थात समीप रहना। जागरण का सच्चा अर्थ भी काम, क्रोध आदि पांच विकारों के वशीभूत होकर अज्ञान रूपी कुम्भकरण की निद्रा में सो जाने से स्वयं को सदा बचाए रखना है। यहां स्थूल निद्रा की बात नहीं है। यदि व्यक्त स्थूल निद्रा में हो तो उसको कोई भी जगा सकता है परंतु अज्ञान निद्रा में सोए व्यक्ति को केवल परमात्मा ही उठाता है इसलिए शिवरात्रि के पर्व पर जागरण का महत्व है। तो हम सब भी इस आध्यात्मिक महत्व को जानकर शिवरात्रि को सार्थक मनायें। कार्यक्रम के दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया।

## अमेरिका की बजाय यूके भेजा एक साल तक करवाई मजदूरी

- अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे युवक की शिकायत पर एजेंट के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए युवा अब एजेंटों के खिलाफ शिकायत देने लगे हैं। यहां के गगनदीप सिंह की ओर से पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर करनाल के एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। गगनदीप सिंह ने बताया कि अमेरिका भेजने के नाम पर उसके साथ 45 लाख रुपये की ठगी हुई है। अप्रैल 2023 में इंस्टाग्राम के जरिए उसकी पहचान करनाल के रॉकी सिंह के साथ हुई थी। उसने बताया कि वह कई लोगों को अमेरिका भेज चुका है। वो उसकी बातों में आ गया और रॉकी सिंह ने उससे वैध तरीके से अमेरिका भेजने के लिए 17 लाख रुपये की मांग की। उसने बताया कि उसे पूरे पैसे वीजा लगने के बाद फ्लाइट में बैठने से पहले देने होंगे। सबसे पहले 10 अक्टूबर 2023 को रॉकी ने अमेरिका का वीजा लगने के नाम पर उससे 17 लाख ले लिए। उसे बताया गया कि इंग्लैंड का स्टडी वीजा लगा है। वहां 2 महीने रहने के बाद उसका अमेरिका का वीजा लग जाएगा। 12 अक्टूबर 2024 को वो इंग्लैंड चला गया। यहां एयरपोर्ट पर रॉकी का एक आदमी एयरपोर्ट पर लेने आ गया। उसने उसे अपने साथ करीब एक साल रखा। उससे जबरन मजदूरी करवाई गई। उसे धमकाया गया कि जब तक अमेरिका का वीजा नहीं लगता तब तक चुपचाप काम करते रहे। इसके बाद रॉकी ने अलग-अलग रास्तों से उसे अमेरिका भेजने का आश्वासन दिया। उसने 45 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद एजेंट ने 25 जनवरी 2025 को अमेरिका बार्डर पार करवा दिया लेकिन यहां बॉर्डर अमेरिकी सिक्योरिटी ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## बरसात के बाद फिर ठंड ने दी दस्तक

**अंबाला।** वीरवार को अचानक से मौसम परिवर्तित हो गया। सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी और ठंडी तेज हवाओं ने सर्दी का अहसास कराया। तेज हवा चलने से अंबाला शहर के पास जंडली पुल पर सफेदे का पेड़ गिर गया। शहर को जोड़ने वाले इस पुल पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। कुछ वाहन तो पेड़ के नीचे से ही गुजरने लगे। ऐसे में सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेफिक को डायवर्ट करना शुरू कर दिया। हल्की धूप भी निकली मगर फिर बादल छा गए। बुधवार रात से हो रही बरसात की वजह से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। एक बार फिर सर्दी का अहसास होने लगा है। बरसात की वजह से ही ठंडक ने एक बार फिर दस्तक दी है। वीरवार शाम तक आसमान में बिजली कड़कती रही।

**आम आदमी के हितों की पैरवी के मकसद से शुरू करेंगी वकालत**

## ड्राइवर की पुत्री को मास्टर ऑफ लॉ में गोल्ड मेडल

- महिला वर्ग की आवाज बनना मेरा मकसद : छवि कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


**अंबाला।** गोल्ड मेडल के साथ छवि।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 34वां दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ लॉ में एंबुलेंस चालक दिनेश कौशिक की बेटी छवि कौशिक ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। छवि की मां सुदेश शर्मा भी नर्सिंग ऑफिसर हैं। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर छवि को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। छवि ने बताया कि वह मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उसकी दादी राजदुलारी गर्वनमेंट आयुर्वेदिक औषधालय राखी गढ़ी में ट्रेंड दाई के पद पर कार्यरत थी। 2 नवंबर 1999 को उन्हीं के हाथों से छवि का जन्म हुआ था। छवि की माता ने बताया जन्म के समय देखते ही दादी राजदुलारी ने कहा था /"एक दिन मेरी पौती परिवार का नाम रोशन करेंगी/" उनके कहें शब्द आज जाकर साकार हुए। छवि की माता सुदेश शर्मा लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल कुरूक्षेत्र में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। पिता दिनेश कुमार कौशिक एंबुलेंस पर ड्राइवर के पद पर नारायणगढ़ में कार्यरत हैं। छवि ने ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा मेडिकल संकाय से अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण की थी। लेकिन उसकी रूचि कानूनी शिक्षा की ओर थी। तब पूरे कौशिक परिवार की सहमति से छवि का दाखिला गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार से बीए-एलएलबी में दाखिला करवाया। छवि विश्वविद्यालय में एक नंबर की कमी से सेकेंड टॉपर रही। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में 34 वां दीक्षांत समारोह में उपस्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने छवि को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया है। छवि ने अपने आने वाले समय में समाज सेवा में योगदान देने की ओर इशारा किया। उनका कहना है की वो न्याय क्षेत्र मे ही अपना भविष्य बनाना चाहती है। देश में न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रिक्त पदों के चलते आम आदमी न्याय के इंतजार में अपने जीवन के महत्वपूर्ण समय को न्यायालय की भागदौड़ में गंवा देते हैं। इस वजह से न्याय प्रणाली से समय पर न्याय नहीं मिल पाता। ऐसे में पीड़ति परिवार का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर पहुंच जाता है। आम आदमी इंसाफ की आस में टूट जाता है। इस जीवन को व्यर्थ समझता है। छवि ने कहा कि प्राथमिकता से मेरे जीवन का उद्देश्य पीड़ित महिला वर्ग की आवाज बनना है। बेज़ुबां जानवरों के हित मे कार्य करना है।

## न्यूज डायरी

### 200 मरीजों ने करवाई अपनी आंखों की जांच

**अंबाला।** योगा फेडरेशन द्वारा अंबाला छावनी स्थित कार्यालय व हेल्थ वैलनेस सेंटर, लाल कोठी, हाउसिंग बोर्ड में एक फ्री आंखों के कैंप का आयोजन किया। फेडरेशन के प्रधान राजिंदर विज ने बताया कि योगा फेडरेशन ने अंबाला शहर के मशहूर आंखों के डॉक्टर पीसी शर्मा के साथ मिलकर फ्री आंखों के कैंप का आज आयोजन किया जिसमें लगभग 200 के करीब लोगों ने अपनी आंखें फ्री में टेस्ट करवाई। फेडरेशन ने अपनी और से निशुल्क ,दवाई और चशमें मरीजों को बांटे।। फेडरेशन के सचिव अश्विनी जैन ने बताया बताया कि 1 अगस्त को योगा फेडरेशन द्वारा एक फिजियोथैरेपी सेंटर अपने कार्यालय में शुरू किया गया था जिसमें हर रोज लगभग 30 के करीब मैरिज फिजियोथैरेपी का 80 रुपए में प्रतिदिन फायदा उठा रहे हैं। यहां पर लोगों को फिजियोथैरेपी की विभिन्न वा आधुनिक सेवाएं प्रदान की जा रही है। नई और आधुनिक मशीनों के द्वारा डॉक्टर तनु बंसल के द्वारा फिजियोथैरेपी से विभिन क्षतिग्रस्त अंगों का तसलीबक्ष इलाज किया जा रहा है। वर्किंग प्रेसिडेंट सुनीता अरोड़ा ने बताया कि इससे पहले योगा फेडरेशन ने फरवरी में आयुष के साथ मिल कर एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी व स्वस्थ वेलनेस सेंटर में आयुष विभाग की एक डॉक्टर दीपा जैन और योगा फेडरेशन के दो आयुर्वेदिक डॉक्टर आशिमा सोनी फरवरी 2024 से मुफ्त सेवाएं प्रदान कर रहें है। जिसमें सोमवार और बृहस्पति की ओपीडी के दिन 150 से लेकर 200 मैरिज इस अस्पताल में फ्री दवाई की सुविधा और परामर्श का लाभ उठा रहे हैं।

### धार्मिक भजन 'महाकाल तो महाकाल' की धूम

**अंबाला।** मशहूर गायक "शैली "ने शिव भक्ति में लीन, महाकाल तो महाकाल है, भजन से एक बार फिर धूम मचा है। सोशल मीडिया पर उनका भजन शिव साधक द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। यह भजन भक्तों में शिव भक्ति से भरपूर ऊर्जा प्रदान करता है। पिछले कुछ समय से शैली ने अपनी गायकी से युवाओं की पहली पसंद बन रहे हैं। वे बताते हैं कि उन्हें शुरू से ही पंजाबी गीत गाने का शौक है। कॉलेज के समय में भी वे कई मंचों पर अपनी गायकी का जादू बिखेर चुके हैं। इसी वजह से अब युवाओं में उनकी गायकी का क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। वह अपने गानों से युवाओं को लुभाते रहे हैं। इस महाकाल नामक भजन को उबरते लेखक " इंद्र कलेर " ने अपनी लेखनी से स्वरूप दिया है। इसका सुंदर म्यूजिक शैली ग्रुप का रहा है जिसे भक्तों ने भी अपना भरपूर प्यार दिया है। इसे संजीव सैनी ने प्रोड्यूस किया है शैली प्रसिद्ध शिव भक्ति में लीन महाकाल के भक्तों को अपनी गायकी से लुभाते रहे हैं। उनके प्रसिद्ध हिंदी व पंजाबी गाने "डमरू धारी म्यूजिक "पर उपलब्ध रहते हैं।